# ब्रह्माकुमारीज ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




**मंडला, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंडला के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस स्थानीय सेवाकेंद्र विश्व शांति भवन में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मंडला क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, न्यूज एंकर और गायिका बहन नीलम खरे, वरिष्ठ समाज सेविका एवं कवियत्री बहन अर्चना जैन, शिक्षिका बहन प्रीति दुबे, क्रिएशन पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल बहन कल्पना पाण्डेय, पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्रोफेसर बहन निहारिका एवं विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं सहित ब्रह्माकुमार भाई बहनें उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत परमपिता परमात्मा की याद से किया गया। ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन ने मंचासीन अतिथियों का तिलक लगाकर और गुलदस्ते देकर स्वागत किया। ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने सभी मंचासीन अतिथियों का शब्द पुष्पों के माध्यम से स्वागत किया। और सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कीशुभकामनाएं दीं और सभी को बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्थान नारी शक्ति द्वारा संचालित दुनिया का सबसे बड़ा और एकमात्र संगठन है। यहां मुख्य प्रशासिका से लेकर प्रमुख पदों पर महिलाएं ही हैं। वर्ष 1937 में संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका के रूप में मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (जिन्हें सब प्यार से मम्मा कहते थे) को नियुक्त किया गया।

संस्थान के इस समय विश्व के 140 देशों में पांच हजार से अधिक सेवाकेंद्र संचालित हैं। 50 हजार ब्रह्माकुमारी बहनें समर्पित रूप से तन-मन-धन के साथ अपनी सेवाएं दे रही हैं। 20 लाख से अधिक लोग इसके नियमित विद्यार्थी हैं जो संस्थान के नियमित सत्संग मुरली क्लास को अटेंड करते हैं। दो लाख से अधिक ऐसे युवा जुड़े हुए हैं जो बालब्रह्मचारी रहकर संस्थान से जुड़कर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे और सेवा के लिए राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के तहत 21 प्रभागों की स्थापना की है। 100 वर्षीय राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी जी वर्तमान में मुख्य प्रशासिका के रूप में सेवा दे रही हैं।

बहन अर्चना जैन ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और ब्रह्माकुमारी बहनों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनें समाज में आध्यात्म के प्रति सभी को जागरूक करने के लिए समर्पित रूप से सेवा दे रही हैं। और बताया कि महिला का सबसे आदरणीय स्वरूप मां होती हैं और मां पर बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला दिवस उन सभी अद्भुत महिलाओं के सम्मान का दिन है जो प्रेरणा देती हैं, समाज को सशक्त बनाती हैं। मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम है। आज चारों और घोर अंधियारा, दुख, निराशा है, इसमें आशा की किरण महिलाएं ही हैं। महिलाएं ही घर को स्वर्ग बना सकती है।। बहन नीलम खरे ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि परिवार व समाज की मुख्य इकाई महिला ही होती है, जिन पर सब कुछ निर्भर करता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किया। बहन कल्पना पाण्डेय ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और इस अवसर पर बहुत ही सुंदर गीत प्रस्तुत किया। बहन प्रीति दुबे ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करें जो समाज को सशक्त बनाती हैं।

# महिला दिवस पर इनर व्हील क्लब मंडला ने किए विविध आयोजन




**मंडला, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब मंडला द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नृपिका पथरिया खातोड़कर रहीं, जिनका स्वागत और उद्बोधन के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब की सभी महिलाओं के सम्मान और पुरस्कार वितरण के साथ हुई। महिलाओं के शारीरिक और मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें उनकी प्रतिभा के आधार पर पुरस्कार भी वितरित किए गए। भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए क्लब की सभी महिलाओं ने गुलाबी साड़ी पहनकर आयोजन में भाग लिया और जागरूकता यात्रा अभियान रैली भी निकाली। इनर व्हील क्लब का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सेवा है, इसी क्रम में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता रैली आयोजित की गई। इस दौरान आम महिलाओं को एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक करने के लिए पंपलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. नृपिका पथरिया खातोड़कर ने क्लब की सभी महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर एवं वैक्सीनेशन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष मोना जैन, सचिव श्रद्धा तपा सहित क्लब की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं, जिनमें प्रमुख रूप से रूबी तपा, अनुराधा चौरसिया, दीपा खंडेलवाल, अनीता चंद्रोल, प्रिया पमनानी, किरण पमनानी, त्रिवेणी पटेल, तृप्ति गोयल, गीता काल्पीवार, जया सराफ सीमा अग्रवाल, डॉ. अंजू मरावी, अनीता राय, कमला बानी आदि शामिल थीं। कार्यक्रम का समापन महिलाओं को सामाजिक जागरूकता के प्रति प्रेरित करने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ।

## सार-समाचार

### गहन शिशु चिकित्सा इकाई में कराया गया पेस्ट कंट्रोल



**मंडला, देशबन्धु।** जिला चिकित्सालय के शिशु वार्ड में चूहे दिखाई देने की खबर के बाद से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देश अनुसार साफ-सफाई कराई गई। इसी कड़ी में शनिवार को पेस्ट कंट्रोल टीम के द्वारा शिशु वार्ड, एसएनसी यूनिट, पीआईसी यूनिट, नवजात शिशु गहन चिकित्सा यूनिट के साथ-साथ प्रथम तल के अन्य वार्ड में पेस्ट कंट्रोल कराया गया। इसके अलावा भूतल पर पैथालॉजी लैब, स्टोर रूम और मेनुअल टेस्ट सहित अन्य कक्षों में भी पेस्ट कंट्रोल का कार्य हुआ। भवन के बाहरी हिस्से एवं मेटरनिटी वार्ड में सोमवार को पेस्ट कंट्रोल कराया जाएगा। जिला चिकित्सालय के प्रबंधक ने बताया कि अस्पताल के विभिन्न वार्डों की सफाई कराई गई है। चिकित्सालय के सभी वार्ड पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### मंत्री उइके और सांसद ने मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना अंतर्गत नि:शुल्क स्कूटी प्रदान की



**मंडला, देशबन्धु।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्कूटी प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### डीजीपी मप्र के नेतृत्व में चलाया जा रहा प्रदेशव्यापी अभियान हेल्पिंग हैंड अभियान

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला पुलिस ने भरण-पोषण राशि न चुकाने वाले 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने में सफलता मिली है। पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश कैलाश मकवाणा के नेतृत्व में मध्य प्रदेश पुलिस ने ''हेल्पिंग हैंड'' अभियान की शुरुआत की है। अभियान 01 मार्च 2025 से 31 मार्च 2025 तक चलाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य कुटुंब न्यायालयों से प्राप्त भरण-पोषण के प्रकरणों में जारी वारंटों का त्वरित निष्पादन करना है। साथ ही, महिलाओं को भरण-पोषण के मामलों में आने वाली प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर करना भी इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य है। पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा सभी थाना और चौकी प्रभारियों को माननीय न्यायालय से भरण पोषण के मामले में प्राप्त समंस व वारंटो को तामिल करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही विशेष अभियान के दौरान अदम तामील समंस वारंट की तस्दीक हेतु अनुभाग के पुलिस अधिकारियों को तस्दीक में अदम तामील के कारण का पता कर उनकी तामीली हेतु हरसंभव प्रयास करने हेतु निर्देश दिये।

**हैल्पिंग अभियान के तहत 11 वारंट तामील किये गये**-समंस एवं वारंट की तामिल हेतु जिला एवं थाना स्तर से गठित टीम द्वारा प्रयास करते हुए 11 वारंट तामिल किये गयें, जिसमें थाना कोतवाली द्वारा 04 वारंट, थाना बम्हनी बंजर द्वारा 01, थाना नैनपुर द्वारा 02, थाना बिछिया द्वारा 01 वारंट, थाना मोहगांव द्वारा 01 एवं थाना बीजाडाडी द्वारा 02 वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# पुलिस ने ट्रैक्टर्स की चौकिंग के लिए चैकिंग चलाया अभियान




**मंडला, देशबन्धु।** पुलिस के समस्त थाना एवं चौकियों द्वारा ट्रेक्टर एवं ट्रॉली की चौकिंग हेतु विगत 03 दिवस में सघन चौकिंग की गई जिसमें थाना प्रभारी चौकी प्रभारी सहित मैदानी स्तर के समस्त अधिकारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में विशेष चौकिंग अभियान चलाया गषा । उक्त चौकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहनों को चेक करके उनपर नंबर प्लेट लगवाना, ड्राइवर लाइसेंस, इंश्योरेंस, नाबालिक द्वारा ना चलाना, ओवर स्पीडिंग रोकना आदि देखते हुए चालान किए गए साथ ही पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान के दौरान रेडियम भी लगवाया गया। अभियान के दौरान ट्रैक्टर एसोसिएशन के द्वारा आगामी 15 दिवस में सभी नियमों का पालन करवाना सुनिश्चित करने का पुलिस को आश्वासन दिया गया है जिससे दुर्घटनाओं में कमी आए। उक्त विशेष के दौरान अलग अलग पुलिस टीम द्वारा 909 वाहनों की चौकिंग कर यातायात नियमों का पालन न करने वाले 546 वाहनों पर चालानी कार्यवाही में 2 लाख 62 हजार 400 का समन शुल्क वसूल किये गयें।

# प्रशासन ने दो एकड़ जमीन खाली कराई

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह में गर्भवती गाय की हत्या के बाद प्रशासन की कार्रवाई जारी है। रविवार को तीसरे दिन भी अवैध अतिक्रमण हटाए गए। पुलिस, प्रशासन और नगरपालिका के अधिकारी सुबह से मौके पर मौजूद रहे।राजस्व विभाग की टीम की ओर से चिह्नित किए गए सभी अतिक्रमणों को जेसीबी से तोड़ा गया। अब तक दो एकड़ से अधिक सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जा चुका है। ये अतिक्रमण दमोह-कटनी बाईपास पर प्रधानमंत्री आवास योजना के भवनों के आसपास किए गए थे।तहसीलदार मोहित जैन ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले लोग अपने ठिकाने छोड़कर फरार हैं। कोई भी व्यक्ति अपना दावा करने नहीं आ रहा है।

# वाहनों में हूटर, गलत नंबर प्लेट और नियमों का उल्लघन पर की कार्रवाई

## यातायात पुलिस ने हटवाए हूटर और नंबर प्लेट



**मण्डला, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार विशेष अभियान के तहत पुरे प्रदेश में निजी वाहनो में हूटर, फ्लैश लाईट, व्हीआईपी स्टीकर एवं गलत तरिके से नंबर प्लेट का लगाना व दुरूपयोग करने वाले तथा यातायात के नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा हैं। उक्त अभियान अंतर्गत मंडला पुलिस व्दारा कार्यवाही की जा रही है। अभियान अंतर्गत वाहनो में हूटर, फ्लैश लाईट, व्हीआईपी स्टीकर एवं गलत नंबर प्लेट का दुरूपयोग करने वाले तथा यातायात के नियमो का उल्लघन करने वाले कार्यवाही की जा रही हैं।

# मंत्री संपतिया उइके और सांसद ने नि:शुल्क बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मंडला, देशबन्धु।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने न्यू क्लीयर पावर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड चुटका मध्यप्रदेश परमाणु विद्युत परियोजना अंतर्गत संचालित नि:शुल्क बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चुटका परियोजना प्रभावित ग्राम चुटका से आर एण्ड आर कॉलोनी गोंझी रैयत जिला मंडला तक नि:शुल्क बस सेवा प्रारंभ किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।



# अवैध शराब के विरुद्ध की कार्रवाई



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी की टीम द्वारा मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में मण्डला में एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम के नेतृत्व में महाराजपुर, बस स्टैंड मण्डला तथा विशाल ढाबा में दबिश दी गई। इस दौरान 50 पाव विदेशीध्देशी मदिरा 3 बोटल विदेशी मदिरा जप्त की गई। कार्यवाही के दौरान कुल 4 प्रकरण मदिरा विक्रय करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध किए गए। इसी प्रकार नैनपुर में एसडीएम श्री आशुतोष ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस एवं आबकारी बल नैनपुर द्वारा दबिश की कार्यवाही में 20 पाव विदेशी देशी मदिरा जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# महिलाएं समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं : मंत्री उइके

## रानी दुर्गावती महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'शौर्यवंदन' का कार्यक्रम आयोजित




**मंडला, देशबन्धु।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं को सशक्त सबल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। जिससे महिलाएं आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक, खेलकूद, उद्योग, व्यापार और प्रशासनिक क्षेत्र की ओर अग्रसर हुई हैं। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। जिससे महिलाओं के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया जा सके।

मंत्री संपतिया उइके रविवार को रानी दुर्गावती महाविद्यालय मंडला ऑडिटोरियम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान अंतर्गत शौर्यवंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के आगमन पर उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बालिकाओं एवं महिलाओं के द्वारा लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए। बालिकाओं एवं महिलाओं के द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य ने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया, तालियों की गड़गड़ाहट से संपूर्ण ऑडिटोरियम गूंज उठा। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रस्तुत करने वाले बालिकाओं और महिलाओं को 21 हजार रूपए, 11 हजार रूपए और 5100 रूपए राशि देकर पुरूस्कृत किया। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने इस अवसर पर कक्षा दसवी और कक्षा बारहवी में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया।

कार्यक्रम में बालिकाओं को पिंक लायसेंस का भी वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, कलेक्टर सोमेश मिश्रा और नगरपालिका मंडला अध्यक्ष विनोद कछवाहा को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के पूर्व रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

मंत्री संपतिया उइके ने बताया कि सरकार ने पंचायती राज एवं नगरीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया है। इससे समाज में पुरूष और महिलाओं में समानता का वातावरण बना है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर शासकीय सेवाओं में भी जाने का अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि महिलाएं शासन, प्रशासन, सामाजिक, उद्योग, व्यापार, खेलकूद और विभिन्न क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ रही हैं। रानी दुर्गावती, रानी अहिल्या बाई होल्कर, झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई, रानी अवंती बाई जैसी महिलाएं महिला सशक्तीकरण का उदाहरण हैं।